# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com
✹ सिवनी-मालवा ✹ पिपरिया ✹ सोहागपुर ✹ मुलताई ✹ पांढुर्णा ✹ आमला ✹ टिमरनी ✹ खिरकिया
भोपाल 09 सितंबर 2026


# 'नमो नर्मदा सेवा पथ अभियान' के सफल क्रियान्वयन के लिए जन सहभागिता जरूरी : दादा गुरु

**जागरण नर्मदापुरम।** मां नर्मदा के तटों को हरित और स्वच्छ बनाने के साथ नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में शुरू किए गए 'नमो नर्मदा सेवा पथ अभियान' को व्यापक जनभागीदारी से गति देने की तैयारी जारी है। अभियान को केवल प्रशासनिक गतिविधि तक सीमित न रखते हुए सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, धर्मगुरुओं व आम नागरिकों को इससे जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से मंगलवार को अभियान के सफल क्रियान्वयन और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। जिला प्रशासन के सहयोग एवं मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता दादा गुरु महाराज ने की। इसमें राज्यसभा



सांसद माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह एवं पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, धर्मगुरु-आचार्य, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यशाला में अभियान के तहत प्रस्तावित विभिन्न गतिविधियों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक विजयपाल सिंह एवं पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने 'नमो नर्मदा सेवा पथ अभियान' को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक नागरिकों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं को जोड़ने का आह्वान किया।

**हरित पथ के साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर जोर :** कार्यशाला में जिले से होकर गुजरने वाले नर्मदा परिक्रमा पथ को अधिक सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर विशेष चर्चा हुई। इसके तहत परिक्रमा मार्ग पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, आश्रय स्थलों के विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता तथा परिक्रमा वासियों के लिए आवश्यक अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की कार्ययोजना पर मंथन किया गया। अभियान को जनसहभागिता का व्यापक स्वरूप देने तथा सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर जिले में 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान' का भी शुभारंभ किया गया।

**ब्लॉक स्तर पर तैयार होगी विस्तृत कार्ययोजना :** कार्यशाला के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी अनुविभागों में संबंधित एसडीएम बैठक आयोजित कर ब्लॉक स्तर पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी विकासखंड स्तर पर बैठकें आयोजित करने तथा अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनभागीदारी सुनिश्चित करने और अभियान को व्यापक स्वरूप देने पर विशेष जोर दिया।

## सामूहिक जिम्मेदारी से ही सफल होगा अभियान

कार्यशाला में उपस्थित नागरिकों एवं प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए दादा गुरु महाराज ने कहा कि किसी भी जन अभियान की सफलता तभी संभव है, जब समाज का प्रत्येक वर्ग सामूहिक जिम्मेदारी के साथ उसमें सहभागी बने। अभियान के दौरान सामने आने वाली समस्याओं और चुनौतियों को चिन्हित कर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सहयोग के बिना कोई भी जन अभियान अपने उद्देश्य को पूरी तरह प्राप्त नहीं कर सकता। 'नमो नर्मदा सेवा पथ अभियान' नर्मदा तटों पर हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देना चाहिए। दादा गुरु महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को सदैव पूजनीय माना गया है। पेड़, जल, अग्नि और पर्वत सहित प्रकृति के विभिन्न स्वरूपों में देवभाव का दर्शन हमारी संस्कृति की विशेषता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए सेवा भाव सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से इस वर्ष गणेश उत्सव के दौरान मिट्टी अथवा गोबर से निर्मित गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही प्रतिमाओं के निर्माण में किसी भी प्रकार के रासायनिक तत्वों का उपयोग नहीं करने की अपील की।

## न्यूज कार्नर

### कैरियर एंड पैशन विषय पर व्याख्यान आयोजित

**जागरण माखननगर।** माखनलाल चतुर्वेदी शास. महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के निर्देशन व स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में एक दिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपेंद्र सिंह यादव, लेखा अधिकारी, ग्वालियर ने करियर एंड पैशन विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें यह भी बताया। इस अवसर पर डॉ.आईएस कनेश, डॉ. अमिताभ शुक्ला, डॉ. कविता दुबे, शीतल वर्मा, शिवानी मालवीय, डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान, डॉ. संगीता मिश्रा, डॉ. सुमन अवस्थी के साथ विद्यार्थियों ने इस आयोजन में बड़ी संख्या में सहभागिता की उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार श्रुतिका कांसकार ने किया।

### जनसुनवाई में 75 आवेदनों पर सुनवाई

**जागरण नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर देवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्री सिंह ने अधिकारियों के साथ जनसुनवाई में आए 75 आवेदनों पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए पेंशन, सीमांकन, अतिक्रमण, विधुत, राजस्व संबंधी आवेदनों पर सुनवाई कर उनका त्वरित निराकरण किया गया। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर सीमा बडोले सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्रशासनिक कार्यों के बीच जनसामान्य की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ग्वालटोली से आए एक वृद्ध आवेदक की सीमांकन संबंधी समस्या को गंभीरता से सुना।

### कामबंद कर धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी

**जागरण माखननगर।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के माखन नगर इकाई के सदस्य काम बंद हड़ताल कर माखन स्मारक पर धरने पर बैठे। प्रदेश संगठन मंत्री नारायण धौलपुरिया ने बताया कि अजाक्स जिलाध्यक्ष नर्मदापुरम विगत सात दिनों से नगर परिषद सफाई कर्मियों की 15 सूत्रीय मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हैं। जिनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया। कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से सूचित भी किया गया था कि यदि 6 सितंबर तक मांगे नहीं मानी गईं तो ट्रेड यूनियन के सदस्य गण से काम बंद हड़ताल करेंगे। इस अवसर पर नगर इकाई के सदस्य गण उपस्थित रहे।

सोहागपुर क्षेत्र के लगभग एक दर्जन किसानों ने की फसल खराब होने की शिकायत

# खरपतवार नाशक दवाई के छिड़काव से हजारों एकड़ में लगी धान फसल खराब, जिले में बिक्री पर प्रतिबंध

**जागरण सोहागपुर।** विल सुपर दवाई के छिड़काव से क्षेत्र में हजारों एकड़ में लगी धान की फसल खराब हो गई जिससे किसानों को भारी नुकसान का आंकलन है। दरअसल विल सुपर दवाई का छिड़काव खेतों में खरपतवार नाशक के लिए किया जाता है। क्षेत्र के किसानों ने अपने खेतों में धान की फसल के बीच ऊगी खरपतवार को नष्ट करने के लिए दवा विक्रेताओं से विल सुपर दवाई खरीदी थी। दवाई का छिड़काव करने के बाद खेतों में लगी खरपतवार के साथ-साथ धान के पौधों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ गया। लगभग तीन दिन पूर्व कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किए गए सर्वे में भी यह बात सामने आई है कि दवाई के छिड़काव से धान की फसल भी खराब हुई है। इसका सीधा असर उत्पादन एवं उत्पादन की दर पर पड़ेगा जिससे बड़ा आर्थिक नुकसान क्षेत्र के पीड़ित एवं प्रभावित किसानों को होगा।

सोहागपुर के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सुनील कुमार बर्डे ने बताया कि क्षेत्र के लगभग एक दर्जन किसानों द्वारा विल सुपर दवाई के छिड़काव से धान की फसल खराब होने की शिकायत लिखित रूप से की है। शिकायत करने वाले किसानों में पालदेवरी के नारायण सिंह, भागीरथ पटेल एवं रईस पटेल, ग्राम पथरई के गोपीलाल ग्राम भौंखेड़ी कला के हनुमत कुशवाहा सहित अन्य ग्रामों के कई किसान शामिल हैं। किसानों ने श्री बर्डे को बताया कि सोहागपुर की दवाई विक्रेता फर्म कृपाल दास राधामल के यहां से उन्होंने विलबुड कंपनी की विल सुपर दवाई खरपतवार नष्ट करने के लिए ली थी। जब उसका छिड़काव खेतों में किया गया तो देखने में आया कि खरपतवार के साथ-साथ धान के पौधे भी खराब हो गए हैं। कुछ किसानों ने यह दवाई सोहागपुर की दवाई विक्रेता फर्म विंध्यवासिनी ट्रेडर्स से भी खरीदी थी।

बताया जा रहा है कि जिले में उक्त विल सुपर दवाई की सबसे अधिक बिक्री कृपाल दास राधामल द्वारा की गई है। उनकी दुकान से लगभग 130 लीटर दवाई का विक्रय किसानों को किया गया है। इसी प्रकार से लगभग 30 लीटर दवाई विंध्यवासिनी ट्रेडर्स के द्वारा बेची गई है।

मामले में किसानों ने मांग की है कि फिनोक्सा 9.3 ईसी के विक्रेता कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए। इस खरपतवार नाशक दवा फिनोक्सा को कई कंपनी अलग अलग नामों से बनाती हैं।



### अधिकारियों की टीम ने गांव में किया सर्वे

पवारखेड़ा से कृषि वैज्ञानिक पौधा रोग विशेषज्ञ डॉ. केके मिश्रा, इंसेक्टिसाइड फर्टिलाइजर इंस्पेक्टर एवं सहायक संचालक कृषि शैलेंद्र राठौर, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सोहागपुर सुनील कुमार बर्डे द्वारा लगभग तीन दिन पूर्व सोहागपुर ब्लाक के ग्राम पालदेवरी, गूजरखेड़ी, भौंखेड़ी, कलमेशरा, चीचली सहित विभिन्न ग्रामों में सर्वे कार्य किया गया है। सर्वे के दौरान विल सुपर दवाई की छिड़काव से धान की फसल खराब होने की पुष्टि भी टीम को हुई है। सर्वे टीम के साथ संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, ग्राम कोटवार सहित ग्रामीण मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि प्रशासनिक सर्वे से पूर्व बिलबुड कंपनी द्वारा भी दुकानदारों से पीड़ित एवं प्रभावित किसानों की जानकारी लेकर उनके खेतों में लगी धान की फसल की जांच कराई गई है।

### दुकानों से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

किसानों से शिकायत प्राप्त होते ही कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा दुकानों से उक्त दवाई के सैंपल उठाने की कार्रवाई की गई। कृपाल दास राधामल एवं विंध्यवासिनी ट्रेडर्स सहित उक्त दवाई का विक्रय करने वाली अन्य दुकानों से विल सुपर दवाई का सैंपल भोपाल, फरीदाबाद एवं एक अन्य प्रयोगशाला में दवाई की सैंपल जांच हेतु भेजे जा चुके हैं। प्रयोगशालाओं से जांच रिपोर्ट जिले में उपसंचालक कृषि को प्राप्त होगी। बताया जा रहा है कि 1 एकड़ धान की फसल में खरपतवार नष्ट करने के लिए इस दवाई का छिड़काव लगभग 100 एमएल मात्रा का करना होता है। इस हिसाब से 1 लीटर दवाई 10 एकड़ में लगी धान की फसल में उपयोग की गई सोहागपुर में उक्त दोनों दुकानों से लगभग 160 लीटर दवाई का विक्रय किसानों को किया गया है। इस हिसाब से देखें तो हजार से 1500 एकड़ में लगी धान की फसल खराब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### इनका कहना है ...

पूरे जिले में उक्त दवाई की बिक्र पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही संबंधित कंपनी को नोटिस जारी किया गया है। दवाइयों के सैंपल जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

**आरके सिंह,**
**उपसंचालक कृषि नर्मदापुरम**

# किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग कलेक्टर से मिले सांसद, विधायक



**जागरण सोहागपुर।** सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में खरपतवार नाशक दवा छिड़काव से धान की फसल को नुकसान मामले में मंगलवार को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश खंडेलवाल ने दवा विक्रेता के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर सोमेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि विधानसभा क्षेत्र की करीब 700 एकड़ में लगी धान की फसल व्हिप सुपर फिनोकशा 9.3 के छिड़काव से प्रभावित हुई है। कलेक्टर से धान की फसल का तत्काल निरीक्षण, पंचनामा एवं दवा की अधिकृत प्रयोगशाला से गुणवत्ता जांच कराने के साथ-साथ संबंधित कंपनी से किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई है।

# शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा में छूट देने की मांग




**जागरण माखननगर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शाखा माखननगर द्वारा शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाली, केंद्र के समान महंगाई भत्ता, वेतन विसंगतियों का निराकरण, नियमितीकरण, पदोन्नति, पंचायत सचिवों के संविलियन एवं वेतन आयोग के गठन सहित 23 प्रमुख मांगें रखी हैं। ज्ञापन में 2010 से पूर्व कक्षा 1 से 8 तक के लिए नियुक्त शासकीय शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से छूट देने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया गया है। संघ का कहना है कि लंबे समय से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के अनुभव एवं पूर्व में लागू नियुक्ति नियमों को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर से नियमों में स्पष्टता एवं आवश्यक संशोधन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही संघ ने पटवारियों को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति, 2800 ग्रेड-पे का प्रथम समयमान तथा योजनाओं के अतिरिक्त कार्य के लिए आवश्यक संसाधन एवं पृथक मानदेय उपलब्ध कराने की मांग भी रखी है। संघ ने शासन से सभी मांगों पर समय-सीमा निर्धारित कर शीघ्र सकारात्मक निर्णय एवं आदेश जारी करने का आग्रह किया है। ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष अंजू नारोलिया, अधिकारी एवं कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष रवि दूबे, मप्र वाहन चालक संघ से पुरुषोत्तम ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शैव, ब्लॉक सचिव नीरज सेन, कोषाध्यक्ष स्वतंत्र वर्मा, तहसील अध्यक्ष सुनील शर्मा, तहसील सचिव सतीश पांडे, तहसील कोषाध्यक्ष गंगाराम सराठे, प्रवीण पटेल, प्रवीण चौधरी, अनूप जोशफ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

**जागरण नर्मदापुरम।** इंदौर में 19 सितंबर को आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं छात्र संगठनों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम की तैयारियों और छात्रों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय नर्मदापुरम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने तथा राहुल गांधी के विचारों और युवाओं के मुद्दों को मजबूती देने की अपील की। श्री पांडेय ने कहा कि आज देश का युवा रोजगार, बेहतर शिक्षा और अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। छात्रों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए 'छात्रों की गूंज' एक महत्वपूर्ण पहल है। मैं नर्मदापुरम जिले के सभी छात्र-युवाओं से अपील करता हूं कि वे बड़ी संख्या में इंदौर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हों और राहुल गांधी का स्वागत एवं समर्थन करें। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे ने कहा कि राहुल गांधी जी युवाओं और छात्रों की आवाज को लगातार मजबूती से उठाते रहे हैं। हम सभी कांग्रेसजन मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ जुटे हैं। इसके पश्चात श्री पांडे ने जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष फैजान उलहक के निवास स्थान पर कार्यक्रम की तैयारी को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस जनों की बैठक ली। बैठक में युवा कांग्रेस नगराध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, रितिक चौहान ने भी अपनी विचार रखे। इस अवसर पर नर्मदापुरम नपा में नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष प्रदीप दुबे, मीना वर्मा, फैजान उलहक, अनिल रैकवार, रिजवान खान, संतोष अहीरवाल, अफजल सिद्दीकी अफराज खान, चंद्रकांता बहारे, सौरभ राय, संतोष बामने, मयंक कलोसिया, तस्लीम खान, पुनीत शर्मा, हर्ष मलैया, अलमास खान एंव सिराज खान उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने दी।



# स्वास्थ्य शिविर में 107 लोगों ने लिया परामर्श

**जागरण नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में जिले के 107 लोगों ने सहभागिता कर विभिन्न बीमारियों एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए अपना स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच एवं उपचार हेतु अस्थिरोग, मेडिसिन, ईएनटी, नेत्ररोग, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी सहित अन्य विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक जांच, उपचार एवं उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया।

यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरुकता लाने जगह जगह आयोजित की मोबाइल कोर्ट

# मोबाइल कोर्ट ने वाहन चालकों को दी समझाइश

**जागरण नर्मदापुरम।** मंगलवार को यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता लाने और सड़क पर अनुशासन सुनिश्चित करने तथा नियमों के उल्लघंन पर प्रभावी कानूनी कार्यवाही के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्ययायाधीश नर्मदापुरम तृप्ति शर्मा के निर्देशन में जिला मुख्यालय नर्मदापुरम सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग मोबाईल कोर्ट का आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत नर्मदापुरम जिला मुख्यालय तथा इटारसी, सोहागपुर, सिवनीमालवा, एवं पिपरिया सहित विभिन्न तहसील क्षेत्रों में न्यायिक मजिस्ट्रेटगण द्वारा मौके पर पहुंचकर मोबाईल कोर्ट का संचालन किया गया। न्यायिक अधिकारीगण सड़कों पर पहुंचे और अलग-अलग स्थानों पर बैठकर अव्यवस्थित यातायात के बीच आमजन से सीधे संवाद करते हुए उन्हें यातायात नियमों के पालन के लिए समझाईश दी गई। नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों को उनकी गलती से अवगत कराते हुए आवश्यकतानुसार चेतावनी दी गई तथा विधि के प्रावधानों के अनुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही की गई। मोबाईल कोर्ट के दौरान न्यायिक अधिकारियों में आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान अथवा दण्ड से बचने के लिए नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन एवं सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए किया जाता है। इस दौरान हेल्मेट का उपयोग, वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज साथ रखना, यातायात संकेतों एवं नियमों का पालन करना, निर्धारित गति में वाहन चलाना तथा सड़क पर अनुशासन बनाये रखने के संबंध में नागरिकों को जागरूक किया गया। मोबाईल कोर्ट के दौरान फिरोज अख्तर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा मधुबाला सोलंकी, दिव्या मित्तल, श्रीति अतुलकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सहित अन्य तहसील न्यायालयों के मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 164 मामलों का निराकरण करते हुए 99,300 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित कर दण्ड के साथ जागरूकता और कानून के साथ जनसंवाद का प्रभावी संदेश दिया गया।



# बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को दी समझाइश जुर्माना भी किया वसूल

**जागरण सिवनीमालवा ।** जिला न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के निर्देश पर स्थानीय न्यायालय की न्यायाधीश अंजली अग्रवाल ने थाने के सामने मोबाइल कोर्ट लगाई। इस दौरान वाहन चालकों के पास मौके पर वाहन चालन के दस्तावेज नहीं पाए जाने पर अर्थदंड से दंडित किया। उन्होंने बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को समझाइस दी। इस मौके पर यातायात प्रभारी निरीक्षक सुंदरलाल पवार, पुलिसकर्मी एवं न्यायालय के लिपिक राजू चौरे उपस्थित रहे। न्यायाधीश सुश्री अग्रवाल ने बताया कि जिला न्यायाधीश के निर्देश पर समय समय पर इसी तरह मोबाइल कोर्ट लगायी जायेगी। उन्होंने वाहन चालको को बिना हेलमेट दो पहिया वाहन व बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन नहीं चलाने की समझाइस दी। सभी यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने वाहनों का उपयोग करके अपना जीवन सुरक्षित रख सकते हैं।


**बैंक ऑफ़ इंडिया**
आंचलिक कार्यालयः खंडवा अंचल
पं. माखनलाल चतुर्वेदी मार्ग, आनंद नगर, खंडवा (म.प्र.) 450001

**ई-निलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना**
(ई-नीलामी तिथि 25.09.2026, प्रातः 11.00 बजे से 5.00 शाम बजे तक)

हमारी शाखा द्वारा जप्त किये एवं वाहनों का जैसे है जहां है के आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

| क्रं. | शाखा का नाम एवं उधारकर्ता का नाम | वाहन का विवरण | आरक्षित मूल्य (लाख रू में) ईएमडी (लाख रू में) |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | शाखा नर्मदापुरम प्रदीप कुमार मीना पुत्र रमेश मीना | Hyundai Grand I10 Sports 1.2 MP 05 CB 1416 - (2019) | Rs. 2,56,500/- Rs. 25,650/- |

बोलीवृद्धि राशि रू 5,000.00

**ई-नीलामी के नियम एवं शर्ते :** 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जाकर देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4 सर्वाधिक/ सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृता, सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं को वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. चल सम्पति का जैसा है, जहाँ है एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8, अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक में बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिकी की स्थागित करने, टालने रद करने अथवा बिकी की नियम व शर्तो को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9 सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, देयक वहन करना होगा। 10 देय राशि ब्याज और अन्य शुल्को को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संसाधन, त्रुटि सुधार, शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक बोलीकर्ता नियमित रूप से उपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छक बोलीकर्ता को यूजर आईडी व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आईडी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फर्म में उक्त बोली राशि में न्यूनतन एकबोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोतरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थागित किया जायेगा। 15. एकल बोलीदाता के मामले में प्राधिकृत अधिकारी यह सुनिश्चित करें, उक्त बोलीदाता ने एक मूल्य ...... किया है जो आरक्षित मूल्य से अधिक है, हल किया गया। इस शर्त का अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।

स्थानः खण्डवा
दिनांकः 08.09.2026

अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक,
बैंक ऑफ इंडिया

## न्यूज कार्नर

### छोटी हरदा की बैलजोड़ी ने जीता पहला इनाम



**जागरण, हरदा।** विशाल बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता जिला बैतूल में सम्पन्न हुई। दौड़ प्रेमी विजय जेवल्या ने बताया कि प्रतियोगिता में छोटी हरदा के राजू जेवल्या ओर पिंचू सुरमा संन्यासा की बैलजोड़ी ने 5 सेकंड 33 पॉइंट में दूरी तय कर पहला इनाम जीता, वहीं दूसरा इनाम राजेश पवांर जामली की बैलजोड़ी ने 5 सेकंड 35 पॉइंट में पहुंचकर जीत हासिल की। इसी प्रकार तीसरा ईनाम राजेश पंवार जामली की बैलजोड़ी ने 5 सेकंड 44 पॉइंट में पहुंचकर जीता।

### रक्तदान शिविर कल

**जागरण, खिरकिया।** कलयुग के अवतारी बाबा रामदेव के अवतरण दिवस पर पूज्य कचरूलाल बापजी सा के सानिध्य में श्री रामदेव भक्त समिति चारुवा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति का यह सतत दूसरा आयोजन होगा। शिविर 10 सितंबर को ग्राम के किला प्रांगण में लगाया जाएगा।

एक सप्ताह के भीतर 44 केस दर्ज, 535.63 लीटर अवैध शराब जब्त, 47 आरोपी गिरफ्तार

# अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस ने कसा शिकंजा

जागरण फॉलोअप

**जागरण, हरदा।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन एवं संग्रहण के खिलाफ हरदा पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक शशांक के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) एवं 34(2) के तहत कुल 44 प्रकरण दर्ज कर 47 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 535.63 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्रवाई में धारा 34(1) के तहत 39 प्रकरणों में 39 आरोपियों से 226.63 लीटर तथा धारा 34(1) के तहत 05 प्रकरणों में 08 आरोपियों से 309 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है।



खून-पसीना बहाकर कमाने वाले मजदूर शाम ढलते ही कच्ची शराब के अड्डों पर लुटा रहे अपनी गाढ़ी कमाई

जागरण, हरदा। जिले में इन दिनों शराब के मुद्दे को लेकर तमाम तरह की बहस और आंकड़ेबाजी चल रही है, लेकिन धरातल की हकीकत दावों के एकदम उलट और बेहद खौफनाक है। ग्रामीण क्षेत्रों में शराबखोरी का जो असली नागपाश फैला है, उसकी शुरुआत अंग्रेजी शराब से नहीं, बल्कि गांव-गांव में अवैध रूप से तैयार होने वाली महुआ और जहरीली कच्ची शराब से होती है। जिला प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग की अनदेखी कहें या फिर इसके पीछे छिपी बड़ी आर्थिक साठगांठ, नतीजतन आज हरदा जिले का लगभग हर दूसरा गांव अवैध कच्ची शराब की भट्टियों की आग में झुलस रहा है।

कच्ची बंद हो तो खुद ब खुद खत्म हो जाएगा पक्की का वजूद

ग्रामीण अंचलों का दौरा करने पर महिलाओं और बुजुर्गों ने जो सच्चाई बयां की, वह आंखें खोलने वाली है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी गांव में अंग्रेजी या देशी शराब की तो एक ठेके वाली दुकान हो सकती है, लेकिन अवैध कच्ची शराब तो गांव के 10 से 12 घरों, किराना दुकानों और ढाबों में 24 घंटे आसानी से उपलब्ध है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि जब तक...

आबकारी एवं पुलिस की खानापूर्ति से उजड़ रही गृहस्थी

ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि जब भी भोपाल या वरिष्ठ अधिकारियों से कार्रवाई के निर्देश या लक्ष्य मिलते हैं, तो पुलिस और आबकारी विभाग के मैदानी कर्मचारी गांव के किनारे एकाध भट्टी पर छापा मारकर, कुछ लीटर शराब जब्त कर कागजी लक्ष्य पूरा कर लेते हैं। इस औपचारिकता के बाद फिर से वही काला कारोबार बेखौफ शुरू हो जाता है। अगर विभाग सचमुच स्थायी समाधान निकालना चाहे, तो भट्टियों को ढहाकर और मुख्य सप्लायरों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई कर इस पर पूरी तरह अंकुश लग सकता है। जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक से मांग की जा रही है कि वे महज औपचारिकता छोड़कर जिले भर में अवैध कच्ची शराब की बिक्री और निर्माण के खिलाफएक व्यापक और कठोर विशेष अभियान चलाएं, ताकि ग्रामीण अंचलों में कानून का राज कायम हो सके और उजड़ते हुए परिवारों को बचाया जा सके।

महिलाएं बना रहीं शराब, दिहाड़ी मजदूरों का परिवार तबाह

हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि कई गांवों में महिलाएं खुद अपने घरों में शराब बनाने और बेचने के अवैध व्यवसाय में लिप्त हैं। कम लागत में होने वाली इस अवैध कमाई के चक्कर में यह एक खतरनाक नेटवर्क बन चुका है। इसका सबसे बुरा असर दिहाड़ी मजदूरों और गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। दिनभर खून-पसीना बहाकर कमाने वाले मजदूर शाम ढलते ही कच्ची शराब के अड्डों पर अपनी गाढ़ी कमाई लुटा देते हैं। ...

### अवैध शराब के नेटवर्क पर पुलिस की नजर

हरदा पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार से जुड़े लोगों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस टीमों द्वारा सूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं संग्रहण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल अवैध शराब जब्त करना ही नहीं, बल्कि अवैध शराब के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश लगाना है। जिले में अवैध शराब के संभावित ठिकानों को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। हरदा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब का कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा अवैध रूप से शराब का विक्रय, परिवहन या संग्रहण करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि उनके क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचता, परिवहन करता अथवा संग्रहित करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जा सके।

### थानेवार कार्रवाई

थाना कोतवाली मे 07 प्रकरण, 38 लीटर शराब जब्त एवं 07 आरोपी गिरफ्तार। थाना सिविल लाइन थाना मे 06 प्रकरण, 25.43 लीटर शराब जब्त एवं 06 आरोपी गिरफ्तार। थाना छीपाबड़ मे धारा 03 प्रकरण, 44 लीटर शराब जब्त एवं 03 आरोपी गिरफ्तार। वहीं एक अन्य प्रकरण मे 62 लीटर शराब जब्त एवं 01 आरोपी गिरफ्तार। थाना सिराली मे धारा 08 प्रकरण, 47.94 लीटर शराब जब्त एवं 08 आरोपी गिरफ्तार।

थाना हंडिया मे 06 प्रकरण, 37.28 लीटर शराब जब्त एवं 06 आरोपी गिरफ्तार। वहीं अन्य 02 प्रकरणों में 126 लीटर शराब जब्त कर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना टिमरनी मे 02 प्रकरणों में 121 लीटर शराब जब्त कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना रहटगांव मे 09 प्रकरण, 33.98 लीटर शराब जब्त एवं 09 आरोपी गिरफ्तार किया गया।

## वार्ड क्र. 6 में अवैध शराब बिक्री की शिकायत जनसुनवाई में वार्डवासियों ने उठाई आवाज

**जागरण, खिरकिया।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 में कथित रूप से हो रही अवैध शराब बिक्री को लेकर वार्डवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मंगलवार को वार्डवासियों ने जनसुनवाई में पहुंचकर संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराते हुए अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। वार्डवासियों का आरोप है कि वार्ड में लंबे समय से अवैध रूप से शराब बेचे जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। इस संबंध में पूर्व में भी जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन शिकायत के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से समस्या बनी हुई है।

### महिलाओं में बढ़ रहा आक्रोश

वार्ड की महिलाओं का कहना है कि शराब की अवैध बिक्री का असर सीधे तौर पर वार्ड के माहौल और परिवारों पर पड़ रहा है। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अवैध शराब बिक्री के ठिकानों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का निराकरण नहीं किया गया और अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो वार्ड की महिलाएं एवं रहवासी धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगी।

### पूर्व शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई

वार्डवासियों ने जनसुनवाई में अपनी शिकायत रखते हुए कहा कि पूर्व में भी इस संबंध में शिकायतें की जा चुकी हैं। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने से अवैध शराब कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद होने की बात कही जा रही है। रहवासियों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड क्रमांक 6 के रहवासियों द्वारा जनसुनवाई में शिकायत किए जाने के बाद अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस मामले में कितनी गंभीरता से कार्रवाई करता है। वार्डवासियों का कहना है कि यदि शिकायत के बाद भी स्थिति जस की तस रहती है, तो आगामी दिनों में आंदोलन किया जाएगा।

## शिक्षा और ज्ञान की नींव मजबूत करने वाले 11 वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया



**जागरण, गाडरवारा।** भारत डिजिटल एकेडमी फाउंडेशन एवं बीडीए वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान एवं कंप्यूटर वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गाडरवारा में शिक्षा और ज्ञान की नींव मजबूत करने वाले 11 वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया गया। वहीं भारत डिजिटल एकेडमी द्वारा 61 बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर वितरित किए गए।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 11 वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसके उपरांत जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर वितरित किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि नगर के प्रथम नागरिक शिवकांत मिश्रा राव अनुज प्रताप सिंह पूर्व विधायक नरेश पाठक समाजसेवी अनूप जैन जी ज्ञानचंद डागा अध्यक्ष देव शांतिनाथ मंदिर ट्रस्ट,भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत जी शर्मा पार्षद पूजा तिवारी एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष रितेश राय सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांग एवं ऐसे बच्चों को कंप्यूटर प्रदान किए गए जो आर्थिक अभाव के कारण कंप्यूटर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को डिजिटल शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान भारत डिजिटल एकेडमी के डायरेक्टर पं हर्षित वैद्य द्वारा संस्था की गतिविधियोंएउपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं का प्रतिवेदन उपस्थित अतिथियों एवं जनसमुदाय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्था की सोच को रेखांकित करते हुए कहा गया कि आज के डिजिटल युग में शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। कंप्यूटर एवं डिजिटल स्किल्स बच्चों के भविष्य की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुके हैं। इसी सोच के साथ भारत डिजिटल एकेडमी फाउंडेशन एवं बीडीएवेलफेयर फाउंडेशन जरूरतमंद बच्चों तक डिजिटल शिक्षा के साधन पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। संस्था का संकल्प है कि श्हले गांव का बच्चा कंप्यूटर तक जाता थाअब कंप्यूटर गांव के बच्चे तक पहुंचे। इसी तरह रोजगार के क्षेत्र में भी संस्था ऐसी व्यवस्था विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही हैजहां श्हले बच्चा जॉब तक जाता थाएअब जॉब बच्चे तक पहुंचे। भारत डिजिटल एकेडमी का प्रयास है कि बच्चों को केवल कंप्यूटर शिक्षा देकर प्रमाणपत्र तक सीमित न रखा जाएए बल्कि उन्हें आवश्यक डिजिटल एवं रोजगारपरक कौशल से सशक्त बनाया जाएएताकि भविष्य में उनके लिए रोजगार के अवसर उनके अपने क्षेत्र तक पहुंच सकें।

## पुरानी रंजिश के चलते 5 गायों को चोरी कर रेलवे ट्रैक पर बांधकर हत्या करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### छिदगांव मेल के गंजालेश्वर आश्रम गौ हत्याकांड का खुलासा

**जागरण, टिमरनी।** टिमरनी थाना क्षेत्र के छिदगांव मेल स्थित प्रसिद्ध गंजालेश्वर आश्रम से पांच मवेशियों को चुराकर रेलवे ट्रैक पर बांधकर निर्मम हत्या करने के चर्चित और संवेदनशील मामले का हरदा पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी केवलराम कोरकू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने आश्रम प्रबंधन से अपनी पुरानी रंजिश और बदले की भावना के तहत इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था।

### 23 अप्रैल की दरमियानी रात को दिया था वारदात को अंजाम

उल्लेखनीय है कि 23 और 24 अप्रैल की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने गंजालेश्वर आश्रम में बंधी पांच गोवंश को चुरा लिया था और उन्हें रस्सी से छिदगांव मेल के पास रेलवे ट्रैक पर मजबूत बांध दिया था। तड़के गश्त और ट्रेन गुजरने के दौरान सभी पांचों गायें ट्रेन की चपेट में आ गई थीं, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। इस बर्बरतापूर्ण घटना के बाद पूरे जिले में जनआक्रोश फैल गया था और हिंदू संगठनों



ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी।

### एसआईटी का गठन और जेल से जुड़ीं कड़ियां

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान टिमरनी थाना प्रभारी मुकेश गौड़ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी केवलराम कोरकू निवासी छिदगांव नशे का आदी है और आश्रम के सेवादारों से उसकी पुरानी रंजिश चल रही थी। आरोपी केवलराम 19 मई को एक अन्य मवेशी के मुंह और गले को तार व लोहे से बांधकर मारने के अपराध में पहले से ही जेल में बंद था। जेल में रहने के दौरान केवलराम ने अपने साथ बंद एक अन्य कैदी से गंजालेश्वर आश्रम से अपनी पुरानी दुश्मनी का जिक्र किया और आश्रम के लोगों को सबक सिखाने के लिए 5 गायों को ट्रेन पटरी पर बांधकर मार डालने का अपराध कबूल कर लिया।

### नशामुक्ति केंद्र से लौटते ही रची थी साजिश

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी केवलराम कोरकू घटना से महज दो-तीन दिन पहले ही नशामुक्ति केंद्र से अपने गांव लौटा था। आश्रम के कर्मचारियों से उसका पूर्व में विवाद हुआ था। इसी का बदला लेने के लिए उसने 23 अप्रैल की रात आश्रम से गायें चुराईं और उन्हें पटरियों पर बांध दिया। एएसपी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि जेल में बंद आरोपी केवलराम कोरकू को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि घटना में शामिल किसी अन्य सहयोगी या साक्ष्य के संबंध में और बारीकी से पूछताछ की जा सके।

## कानून व्यवस्था सहित जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

### ज्ञापन में कांग्रेस ने बंद सीसीटीवी कैमरे, चोरी की घटनाओं और बिजली कटौती सहित कई मुद्दे उठाए

**जागरण, टिमरनी।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था, लगातार हो रही चोरी की वारदातों, बंद पड़े सार्वजनिक सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य जनहित के मुद्दों को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन कलेक्टर हरदा के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टिमरनी शैलेंद्र बड़ोनिया को सौंपकर विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि टिमरनी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चोरी एवं लूट की घटनाएं हो रही हैं। पिछले महीनों में हुई कई बड़ी चोरियों के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नागरिकों में भय का माहौल है। कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन से लंबित मामलों में शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

### तीन वर्षों से बंद हैं सीसीटीवी कैमरे

ज्ञापन में गांधी चौक एवं स्टेशन चौराहे पर लगे सार्वजनिक सीसीटीवी कैमरों का मुद्दा भी उठाया गया। कांग्रेस का आरोप है कि कैमरे करीब तीन वर्षों से बंद पड़े हैं। वर्ष 2024 में नगर परिषद द्वारा कैमरे सुधारने का प्रस्ताव लिए जाने के बावजूद अब तक इन्हें दुरुस्त नहीं किया गया। चोरी की घटनाओं की जांच में कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका होने के बावजूद इनके बंद रहने पर सवाल उठाते हुए शीघ्र सुधार की मांग की गई। नगर परिषद की खरीदी में भ्रष्टाचार एवं कथित आर्थिक अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच एवं जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

### रेलवे गेट के निर्णय पर पुनर्विचार की मांग

टी आकार के पुल निर्माण के चलते पोखरनी रोड जाने वाले रेलवे गेट क्रमांक 208 को बंद किए जाने के प्रस्ताव पर भी आपत्ति जताई गई। कांग्रेस ने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के गेट बंद होने से वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 की करीब सात हजार आबादी तथा क्षेत्र के लगभग 30 गांवों के लोगों को परेशानी होगी। इससे मंडी व्यवसाय, स्कूली विद्यार्थियों, बुजुर्गों एवं मरीजों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस ने हरदा की ओर मंडी रोड के सामने स्थित रेलवे गेट को आवागमन के लिए शुरू करने की मांग की। ज्ञापन में ग्राम छिदगांव मेल में रेलवे ट्रैक पर पांच गौवंश की हत्या किए जाने की घटना का उल्लेख करते हुए आरोपियों की शीघ्र



गिरफ्तारी की मांग की गई। कांग्रेस ने कहा कि मामले में कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश है।

### बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर का मुद्दा भी उठाया

कांग्रेस ने टिमरनी नगर में मेंटेनेंस के नाम पर आए दिन की जा रही विद्युत कटौती को बंद करने की मांग की। साथ ही स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को अधिक राशि के बिल मिलने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कराने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि अधिक बिल आने से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। कांग्रेस ने प्रशासन से सभी बिंदुओं पर जनहित में शीघ्र निर्णय लेकर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगों का उचित निराकरण नहीं होने पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन साईं, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल, ओमप्रकाश मिश्रा, राहुल जायसवाल, सुभाष जायसवाल, महेंद्र मौर्य, दीपक जैन, गिरीश घुरे, राजेश योगी, रमेश तिवारी, रितु सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## सारा एप की तकनीकी खामी: सोयाबीन, मक्का की जगह दिखा रहा कपास

**जागरण, खिरकिया।** खरीफ सीजन में हरदा जिले के अधिकांश क्षेत्रों में सोयाबीन की बोवनी की गई है। हरदा को सोयाबीन प्रधान क्षेत्र माना जाता है, लेकिन इन दिनों सारा एप की सैटेलाइट गिरदावरी में खेतों में बोई गई वास्तविक फसल के बजाय मक्का और कपास जैसी फसलें प्रदर्शित होने से पटवारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारियों के अनुसार सैटेलाइट गिरदावरी के दौरान कई खेतों में वास्तविक फसल सोयाबीन होने के बावजूद एप पर दूसरी फसल दिखाई दे रही है। विशेष रूप से कपास की फसल प्रदर्शित होने से स्थिति और अधिक असमंजस वाली हो गई है, क्योंकि हरदा जिले में सामान्यतः कपास की फसल बोई ही नहीं जाती। सैटेलाइट के माध्यम से फसल गिरदावरी को आसान और सुविधाजनक बनाने के लिए प्रक्रिया में 100 मीटर दूरी से सत्यापन की सुविधा दी जा रही है। हालांकि एप में ही गलत फसल प्रदर्शित होने से इस सुविधा का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है।

पटवारियों का कहना है कि यदि सैटेलाइट से फसल की पहचान ही गलत होगी तो 100 मीटर दूरी से गिरदावरी करने की सुविधा का भी कोई खास लाभ नहीं रह जाएगा। ऐसे में वास्तविक फसल का सत्यापन करने के लिए पटवारियों को खेत के अंदर जाकर मौके पर फसल का निरीक्षण करना पड़ सकता है। इससे सैटेलाइट गिरदावरी की प्रक्रिया के समय और श्रम बचाने वाले उद्देश्य पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पटवारियों ने संबंधित अधिकारियों से सारा एप में प्रदर्शित हो रही फसल संबंधी विसंगति की तत्काल तकनीकी जांच कर आवश्यक सुधार और अपडेट करने की मांग की है। उनका कहना है कि गलत फसल दर्ज होने से भविष्य में किसानों के रिकॉर्ड और फसल संबंधी आंकड़ों पर भी असर पड़ सकता है। पटवारियों का कहना है कि सैटेलाइट गिरदावरी में वास्तविक फसल और एप पर प्रदर्शित फसल का मिलान जरूरी है, ताकि मौके पर सही फसल का सत्यापन एवं रिकॉर्ड दर्ज किया जा सके। तकनीकी समस्या का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो गिरदावरी कार्य में अनावश्यक परेशानी बढ़ सकती है।

## मां नर्मदा परमार्थ समाज सेवी संस्था की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

**जागरण, गाडरवारा।** विगत दिवस मां नर्मदा परमार्थ समाज सेवी संस्था की प्रदेश स्तरीय बैठक श्री आचार्य राजमहल गाडरवारा में महंत बालकदास महाराज की उपस्थिति में संपन्न हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथिं क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह अध्यक्षता तपन भौमिक एवं संस्था के प्रदेश संरक्षक सदस्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में नरेश पाठक पूर्व विधायक एवं प्रदेश संरक्षक सदस्य रामकिशन पटेल पूर्व विधायक श्रवण पटेल प्रदेश अध्यक्ष भैया जी रावत प्रदेश महामंत्री नरेंद्र सिंह चौहान जेत उपाध्यक्ष ठाकुर धर्मपाल सिंह प्रदेश मंत्री एवं बैठक के सह प्रभारी मोहरकांत पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत सिंह पटेल अध्यक्ष नरसिंहपुर अशोक भार्गव महामंत्री नरसिंहपुर आदि उपस्थित रहे । मां नर्मदा परमार्थ समाज सेवी संस्था के प्रदेश महामंत्री भैया जी रावत ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए संस्था के उद्देश्यों एवं बैठक के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी लोगों को मिलकर मां नर्मदा के उत्थान हेतु निरंतर प्रयास करना है उन्होंने कहा कि हमारी संस्था आगामी समय में प्रदेश के प्रत्येक जिले में मां नर्मदा को बचाने हेतु कार्य करेगी तथा इस दिशा में हम सभी



लोग आज मिलकर आगे बढ़ रहे हैं उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस संस्था को आगे बढ़ाने हेतु हमें आप सभी लोगों का सहयोग विशेष आवश्यक है आप सभी के सहयोग से ही हम मां नर्मदा के उत्थान हेतु कार्य कर सकेंगे पूर्व विधायक एवं प्रदेश संरक्षक सदस्य नरेश पाठक ने भी सभी जनों को मिलजुल कर मां नर्मदा के उत्थान हेतु कार्य करने की अपील की । संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को मिलकर मां नर्मदा को बचाने के लिए प्रयास करना है संस्था के प्रदेश संरक्षक सदस्य तपन भौमिक जी ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी का प्रयास रहे की सप्ताह में कम से कम एक दिन सभी जन उपस्थित होकर मां नर्मदा में विशेष साफसफाई अभियान चलाने की शुरुआत करें कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी लोग भी संस्था के साथ मिलकर मां नर्मदा को बचाने हेतु सतत प्रयास करेंगे इस पुनीत कार्य में हमारी सरकार के द्वारा हर संभव मदद की जाएगी तथा आगामी समय में प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के साथ आप सभी लोगों की बैठक संपन्न कराई जायेगी तथा उसमें जो भी निष्कर्ष निकलकर सामने आएंगे हम सभी लोग उनका पालन करते हुए मां नर्मदा के उत्थान हेतु कार्य करेंगे। बैठक में संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष रामसजीवन यादव प्रदेश मंत्री कमलेश सिंह परमार जिला संरक्षक सदस्य बसंत जोशी केदार सिंह राजपूत भरत सिंह राजपूत प्रकाश यादव भैया जी ठाकुर मृत्युंजय दीक्षित अखिलेश राय अध्यक्ष नगर मंडल दीपक दुबे जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मेहरा कमल सिंह ठाकुर के अलावा बैठक में प्रदेश जिला तहसील सहित विभिन्न ग्रामों सें मां नर्मदा भक्त उपस्थित रहे।


## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. नर्मदापुरम् शाखा रहटगांव

### समितियों की वार्षिक आमसभा सूचना

पत्र क्र./क्यू/आमसभा/2026 — दिनांक 09.09.2026

शाखा रहटगांव से संबंद्ध संस्थाओं की वार्षिक साधारण आमसभा उसके समक्ष अंकित तारीख एवं समय दोपहर 12.00 बजे आयोजित की जायेगी। जिसमें संस्थाओं के सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के अभाव में आधे घण्टे पश्चात उसी स्थान पर पुनः आयोजित की जावेगी। आमसभा के विषय निम्नानुसार रहेंगे।

**विषयः-**

01. संस्था के वित्तीय पत्रक वर्ष 2025-26 का वाचन एवं पुष्टि।
02. संस्था का प्रस्तावित वार्षिक बजट 2026-27 की स्वीकृति बावत् ।
03. संस्था के वर्ष 2026-27 के लेखाओं एवं संपरीक्षक की नियुक्ति बावत्।
04. संस्था के द्वारा किये गये कार्यों की पुष्टि।
05. वितीय वर्ष में हुई हानि के कारणों पर विचार बावत्।
06. संस्था द्वारा गत वर्ष में ली गई बैठकों के निर्णय के अनुमोदन कराने बावत्।
07. संस्थाओं के वार्षिक पत्रक वर्ष 2026-27 में सुधार का अनुमोदन एवं नवीन सुधार बावत्।
08 अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति से।

**प्रतिलिपिः-**
01. श्रीमान सहायक आयुक्त महोदय सहकारिता जिला हरदा।
02. श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नर्मदापुरम्।
03. श्रीमान नोडल अधिकारी महोदय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नर्मदापुरम नोडल शाखा हरदा।

| क्र. | समिति का नाम | पंजीयन क्रमांक | आमसभा दिनांक | आमसभा का दिन | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आ. जा. सेवा सह. समिति मर्या. आलमपुर | 1378 | 25.09.2026 | शुक्रवार | दोपहर 12.00 बजे से |
| 02 | आ.जा. सेवा सह. समिति मर्यादित रहटगांव | 295 | 26.09.2026 | शनिवार | |
| 03 | आ.जा. सेवा सह. समिति मर्या. टेमागांव | 1571 | 26/09/2026 | शनिवार | |
| 04 | आ. जा. सेवा सह. समिति मर्या. राजाबरारी | 1691 | 28/09/2026 | सोमवार | |
| 05 | आ.जा. सेवा सह. समिति मर्या. रवांग | 2015 | 26/09/2026 | शनिवार | |
| 06 | सेवा सह. समिति मर्या. सोडलपुर | 1555 | 25.09.2026 | शुक्रवार | |

अतः उपरोक्त सभी समितियों से संबंधित कृषक एवं सदस्यगण या संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

भवदीयः उपरोक्त सभी समितियों के प्रशासक/पर्यवेक्षक/समिति प्रबंधक/
शाखा प्रबंधक शाखा रहटगांव
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. नर्मदापुरम्
शाखा रहटगांव

## न्यूज कार्नर

### पुलिया अधूरी, वर्षों पुरानी मांग आज भी अधूरी

**मुलताई।** भैंसदेही विकासखंड अंतर्गत आदिवासी बहुल खोमई क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं और आवागमन की समस्या अब ग्रामीणों के लिए परेशानी से बढ़कर जान का खतरा बन गई है। पांच पंचायतों के लिए एंबुलेंस सुविधा और अंडना नदी पर वर्ष 2022 से अटके पुलिया निर्माण को लेकर ग्राम पंचायत खोमई के सरपंच मंगेश सरियाम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर की जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि एंबुलेंस के अभाव में गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा पाता, वहीं बारिश में अंडना नदी पार करना जान जोखिम में डालने जैसा हो जाता है। ग्रामीणों ने पांच पंचायतों के लिए एक आपातकालीन एंबुलेंस स्वीकृत करने तथा अंडना नदी पर वर्ष 2022 से लंबित पुलिया निर्माण कार्य को नवीन स्वीकृति देकर शुरू कराने का आग्रह किया है। सरपंच मंगेश सरियाम ने बताया कि खोमई सहित आसपास का क्षेत्र आदिवासी बहुल है और भैंसदेही मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित है। ऐसे में क्षेत्र में एंबुलेंस की सुविधा नहीं होने से गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में काफी समय लग जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। निजी वाहनों से मरीजों को अस्पताल ले जाना गरीब परिवारों के लिए काफी महंगा पड़ता है। इसलिए पांच पंचायतों के लिए कम से कम एक एंबुलेंस की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने दूसरी बड़ी समस्या अंडना नदी पर लंबित पुलिया निर्माण को लेकर उठाई है। ज्ञापन में बताया गया है कि पुलिया का निर्माण कार्य वर्ष 2022 से लंबित है। पुलिया नहीं होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को इलाज, मजदूरी और अन्य जरूरी कार्यों के लिए महाराष्ट्र सीमा के सिरजगांव जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के मौसम में अंडना नदी का जलस्तर और बहाव बढ़ने से यह रास्ता बेहद खतरनाक हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी के तेज बहाव के कारण अब तक कई लोग और वाहन बह चुके हैं। इसके बावजूद पुलिया निर्माण का काम लंबित होने से ग्रामीणों को हर बारिश में जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मामले में तत्काल पहल करते हुए पुलिया निर्माण को नवीन स्वीकृति देने और कार्य शुरू कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सरपंच मंगेश सरियाम के साथ रामदीन इवने मौजूद रहे।

# छात्रों की गूंज के लिए बैतूल कांग्रेस ने भी कसी कमर, हर घर तक पहुंचने का बनाया मास्टर प्लान

## 19 सितंबर को इंदौर में राहुल गांधी करेंगे युवाओं और छात्रों से संवाद



**जागरण (बैतूल)।** आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैतूल जिला कांग्रेस ने जमीनी स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रदेशभर के युवाओं और छात्रों से सीधा संवाद करेंगे। इसी को लेकर बैतूल विधानसभा के ब्लॉक, नगर, मंडलम और युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों की वृहद रणनीतिक बैठक कांग्रेस कार्यालय, बैतूल गंज में आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए पदाधिकारियों को क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंपते हुए अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन कराने की रणनीति तय की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा एवं विधानसभा प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा ने पदाधिकारियों को घर-घर संपर्क कर युवाओं का पंजीयन कराने का लक्ष्य सौंपा। रणनीति के तहत जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को 100-100 घरों, ब्लॉक अध्यक्षों एवं उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों को 50-50 घरों तथा मंडलम अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को 25-25 घरों में पहुंचकर युवाओं का क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीयन कराने की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाना ही नहीं है, बल्कि युवाओं और आमजन के बीच पहुंचकर उनके मुद्दों को मजबूती से उठाना भी है। उन्होंने राम मंदिर चंदा चोरी, पेपर लीक सहित स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। बैठक में विधानसभा प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा, संगठन महासचिव ब्रजभूषण पांडे, कोषाध्यक्ष लोकेश पगारिया, प्रवक्ता लवलेश बब्बा राठौर, मीडिया प्रभारी अनुप जैसवाल, उमाकांत शर्मा एवं विशेष आमंत्रित सदस्य हीरालाल सोनारे सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव, जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्धन धोटे, डॉ. प्रमोद खांडवे, इस्माईल नब्बू खान, महासचिव मोनू बड़ोनिया, सुभाष राठौर एवं यतीन्द्र सोनी भी बैठक में शामिल हुए। ब्लॉक अध्यक्षों में राजकुमार चौबे, मनोज आहूजा, पंकज वंजारे एवं सत्यप्रकाश रावत उपस्थित रहे।
मंडलम अध्यक्षों में संतोष वाघमारे, पंढरी पंडाग्रे, राकेश सोनी, विजय मोखड़े, उमाशंकर दीवान, पाठक, प्रकाश धोटे, कमलेश धोटे, गिरीश साबले, भोजराज माकोड़े, कमलेश यदुवंशी, शंकर तुमराम, खुशाल भागबोले, प्रफुल्ल काले, देवेन्द्र गोलू लोखंडे, मुन्नालाल पवार, गणेश भरतपुरे, धर्मेन्द्र खाकरे एवं अशोक लोखण्डे मौजूद रहे। सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों में अभय वर्मा, तरुण मानकर, प्रशांत राजपूत, निलेश कोड़ले, राकेश गंगारे, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप पवार एवं मनीष साहू शामिल रहे। कार्यकारिणी एवं सक्रिय सदस्यों में ब्लॉक कोषाध्यक्ष योगेश वराठे, गोपाल राठौर, युवराज अड़लक, अजय दादू मिश्रा, लक्ष्मीकांत यादव, प्रेरणा शर्मा, सुशीला तिवारी, गंगा आहके, पप्पू सेरकर, सुरेन्द्र साबले, मन्ने आथनकर, श्याम पवार, राकेश गुप्ता, तरुण पाटिल, दिलीप चढ़ाकोर, मंगरया यादव, जय सरले, सुक्कल उइके, महेन्द्र अमरूते रहे।

### 396 बच्चों ने लिया स्वर्ण प्राशन का लाभ

**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा 7 सितंबर को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर जिले में स्वर्ण प्राशन अभियान आयोजित किया गया। जिले के तीन केंद्रों पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 396 बालक-बालिकाओं ने स्वर्ण प्राशन का लाभ लिया। माता-पिता ने उत्साह के साथ अपने बच्चों को स्वर्ण प्राशन करवाया। जिला आयुष अधिकारी एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के अवसर पर स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में इस माह भी जिले में अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी में सर्वाधिक 311 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। 65 तथा शासकीय आयुर्वेद औषधालय भैंसदेही में 20 बच्चों ने इसका लाभ लिया। इस प्रकार तीनों केंद्रों पर कुल 396 बालक-बालिकाओं को स्वर्ण प्राशन कराया गया। डॉ. चौकीकर ने बताया कि अगला पुष्य नक्षत्र 5 अक्टूबर को होगा। उन्होंने अभिभावकों से 6 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन के लिए लाने की अपील की। आयुष विभाग के अनुसार स्वर्ण प्राशन में शंखपुष्पी, वचा, ब्राह्मी, स्वर्ण भस्म मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय महासमागम का समापन हजारों श्रद्धालु हुए कार्यक्रम में शामिल



**बैतूल।** उड़दन स्थित सतलोक आश्रम में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के 76वें अवतरण दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय महासमागम का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। 6 से 8 सितंबर तक आयोजित महासमागम में जिले सहित देशभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। तीन दिनों तक आश्रम परिसर में सत्संग, अखंड पाठ, भंडारा, आध्यात्मिक प्रदर्शनी सहित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की गईं।
समागम का शुभारंभ 6 सितंबर को संत गरीबदास जी महाराज की अमृतवाणी के अखंड पाठ के साथ हुआ। इसके बाद तीनों दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में सेवादारों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सत्संग, भंडारा और अन्य व्यवस्थाएं की गईं।
महासमागम के दौरान रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। वहीं दहेजमुक्त आदर्श विवाहों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संदेश दिया गया। विशाल भंडारे में विभिन्न धर्मों और वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा आध्यात्मिक प्रदर्शनी और देहदान जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। आश्रम के लिए महासमागम के दौरान एक महत्वपूर्ण अवसर उस समय आया, जब मानवता की सेवा में किए जा रहे कार्यों के लिए बैतूल के कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सौरभ एस. सोनवने ने सतलोक आश्रम उड़दन, बैतूल को रक्तश्री सम्मान से सम्मानित किया। कलेक्टर ने संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में संचालित अन्नपूर्णा मुहिम के तहत जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों के लिए किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की।

### लोहिया वार्ड में ओम पर माता-पिता के साथ विराजेंगे 16 फीट श्रीगणेश

**बैतूल जागरण।** गंज स्थित लोहिया वार्ड में नवयुवक नवज्योति गणेश मंडल द्वारा 37 वें वर्ष में लगातार भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस बार 16 फीट ऊंचे ओम पर पिता शंकर जी और माता पार्वती जी नीचे विराजित श्रीगणेश को आशीर्वाद देते हुए चित्ताकर्षक विशाल प्रतिमा स्थापित की जा रही है। खंजनपुर के प्राचीन मूर्तिकार आशीष प्रजापति इसे अंतिम रूप देने में लगे हैं। दूसरी ओर सारनी के कुशल कलाकार बबलू भाई और टीम द्वारा इस बार भव्य और आकर्षक 60 फीट ऊंचा पंडाल तैयार किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष नंदू मामा ने बताया कि इस झांकी में करीब 80 हजार रुपए खर्च किए जा रहे हैं। झांकी में ओम पर विराजित श्रीगणेश की स्थापना होगी। मंडल द्वारा सभी 10 दिनों तक अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। गत दिनों समूचे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मंडल समिति के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 10 दिवसीय गणेश उत्सव को लेकर सभी ने अपनी राय दी। समूचे कार्यक्रमों की रणनीति के लिए एक कार्यकारिणी बनाई गई है। इस कार्यकारिणी में संरक्षक पं. दीपक शर्मा, पं. कांत दीक्षित, विजय सलूजा, कृष्णराव गायकवाड़ को चुना गया है। अध्यक्ष के रूप में इस बार भी नंदू मामा के नाम पर सहमति बनी है। उपाध्यक्ष अब्बू राठौर, पंकज सोनी, संतोष सोनपुरे, दीपक सलूजा, जयराम भाऊ, हर्ष मालवी, शैलेन्द्र चरडे, सचिव देवेन्द्र साहू, गोल्डी मिश्रा, कन्हैया राठौर, विनोद राठौर, देवेंद्र कारंदे, अतीत पवार, सह सचिव अमित राठौर, नीरज सोनी, संतोष राठौर, भरत मरकाम दिलीप पालीवाल, नरेश अरोरा, राजू बेडरे, विनोद वर्मा, सोनू सलूजा को चुना गया है। सांस्कृतिक समिति में कुंशकुंज अरोरा को अध्यक्ष बनाया गया। जिसकी समिति में अशोक सोनपुरे, हरिशंकर राठौर, गोलू पारधे, युवराज साहू, रवि बेडरे, हितेश सावनेर, नितिन सैनी, लोकेश बेडरे, अंशुल मिश्रा, सोनू राठौर में शामिल किए गए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य गोविंद साहू, नान्हू अमझरे, संदीप कवड़े, सोनू सेठे, राकेश रावत, संयम गायकवाड़, सुमित टिकारे, कैलाश अमझरे, प्रदीप ठानेकर, नरेश अरोरा, बंटी पारधे, राहुल पारधे, मोंटी पारधे, नवनीत चौहान, सिद्धार्थ सोनपुरे, सागर सोनपुरे, विजेन्द्र सावनेर, संतोष गुप्ता, गोलू लिखितकर, आयुष सोनपुरे, बलराम बेडरे, अक्कू पंवार, बल्लू बेडरे, मनोज रावत, हर्ष साहू, गोलू साबले, सतीश बेडरे, छोटू बेडरे, आकाश धोटे, लाला पवार मौजूद रहे।

# शटर गिराकर भागे झोलाछाप, बंद क्लीनिक पर लगा सरकारी ताला

### दैनिक जागरण इंपैक्ट...

**जागरण,खंडवा।** बिना वैध डिग्री और पंजीयन के मरीजों का उपचार करने वाले कथित झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने अब सख्ती शुरू कर दी है। दैनिक जागरण में 6 सितंबर को बोरगांव बुजुर्ग में कथित झोलाछाप बंगाली डॉक्टर सुशील विश्वास द्वारा मरीजों का उपचार किए जाने की खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने पंधाना बीएमओ डॉ. अनिल तंतवार के नेतृत्व में टीम गठित कर क्लीनिक पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### सील तोड़ी तो पुलिस कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद सील किए गए क्लीनिक को दोबारा खोलना या वहां मरीजों का उपचार करना गंभीर मामला होगा। बोरगांव बुजुर्ग के मामले में पुलिस को शिकायत दिए जाने के बाद अब पुलिस स्तर पर भी कार्रवाई की संभावना है।



बंगाली डॉक्टर सुशील विश्वास



बंगाली डॉक्टर के क्लीनिक को सेल करते हुए बीएमओ

### सरकारी कार्रवाई से पहले शटर गिराना भी बना सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही क्लीनिक का शटर कैसे गिर गया? क्या कार्रवाई की जानकारी पहले ही लीक हो गई थी? फिलहाल सुशील विश्वास मौके पर नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई की तैयारी में है।

### खबर छपते ही स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, बंगाली झोलाछाप सुशील विश्वास के खिलाफ पुलिस को शिकायत, पिता-पुत्र जांच के घेरे में, क्षेत्र में मचा हड़कंप



स्वास्थ्य विभाग को लिखकर दिया था, अब कभी नहीं खोलूंगा, चार महीने बाद उसी क्लीनिक में चार पलंग, मरीज भर्ती और धड़ल्ले से इलाज

### तीन महीने पहले दिया था लिखित आश्वासन, फिर भी मरीज देखने लगा

मामला इसलिए गंभीर है क्योंकि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार करीब तीन महीने पहले सुशील विश्वास ने विभाग को लिखित में दिया था कि वह मरीजों का उपचार नहीं करेगा। इसके बावजूद साप्ताहिक बाजार वाले दिन उसके क्लीनिक पर मरीजों की भीड़ और उसके द्वारा उपचार किए जाने की जानकारी सामने आई। दैनिक जागरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर इसकी पड़ताल की और मामला स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में लाया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम जब बोरगांव बुजुर्ग पहुंची तो इससे पहले ही सुशील विश्वास को कार्रवाई की भनक लग चुकी थी। टीम के पहुंचने से पहले ही उसने क्लीनिक का शटर गिरा दिया और मौके से गायब हो गया। टीम ने बंद क्लीनिक पर सरकारी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। मामले में बीएमओ डॉ. अनिल तंतवार ने पुलिस को भी शिकायत दी है।

### पिता के साथ दोनों बेटे भी जांच के दायरे में

सुशील विश्वास के साथ उसके दोनों बेटों की गतिविधियां भी अब जांच के दायरे में बताई जा रही हैं। स्थानीय स्तर पर जानकारी है कि दोनों बेटे भी आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का उपचार करते हैं। कार्रवाई के बाद पिता-पुत्रों के क्लीनिक बंद बताए जा रहे हैं।
स्वास्थ्य विभाग अब यह भी देख रहा है कि इन स्थानों पर किसके पास उपचार करने की वैध योग्यता और पंजीयन है। विभागीय कार्रवाई के बाद क्षेत्र में कथित झोलाछापों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

### लिखित वादा... फिर दोबारा शुरू कर दी प्रैक्टिस?

करीब तीन महीने पहले स्वास्थ्य विभाग को लिखित आश्वासन देने के बावजूद मरीजों का उपचार किए जाने की जानकारी सामने आई। विभाग अब इस बात की भी पड़ताल कर रहा है कि लिखित आश्वासन के बाद दोबारा प्रैक्टिस कब और कैसे शुरू हुई। दैनिक जागरण की खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया।

### बंद क्लीनिकों पर भी रहेगी नजर

कार्रवाई के बाद पंधाना क्षेत्र में कई कथित झोलाछापों द्वारा अपने क्लीनिक बंद किए जाने की चर्चा है। स्वास्थ्य विभाग अब ऐसे स्थानों की निगरानी कर सकता है। यदि कार्रवाई से बचने के लिए क्लीनिक बंद किए गए हैं और बाद में दोबारा मरीजों का उपचार शुरू किया जाता है तो विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जा सकती है।

### कार्रवाई की आहट से कई जगह शटर डाउन

दैनिक जागरण की खबर और स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद पंधाना क्षेत्र में कथित झोलाछाप डॉक्टरों के बीच हड़कंप की स्थिति है। कई स्थानों पर क्लीनिक बंद होने की जानकारी सामने आ रही है। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग की यह कार्रवाई बोरगांव तक सीमित रहती है या क्षेत्र में चल रहे अन्य संदिग्ध क्लीनिकों तक भी जांच और कार्रवाई की आंच पहुंचती है।

### सील कर दिया है

झोलाछाप और फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बोरगांव में टीम भेजकर क्लीनिक सील कराया गया है। संबंधित के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया है। **डॉ. ओपी जुगतावत, सीएमएचओ खंडवा**

### अलसुबह तीन ठिकानों पर दबिश, 215 लीटर कच्ची शराब और 3300 किलो महुआ लहान जब्त



**जागरण,बुरहानपुर।** जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार, 8 जून की अलसुबह प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर आबकारी, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम जैनाबाद, बलबाड़ टेकरी और आहूखाना में एक साथ दबिश दी।
कार्रवाई के दौरान अलग-अलग स्थानों से 215 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा और 3300 किलोग्राम महुआ लहान बरामद किया गया। जब्त शराब और महुआ लहान सहित संबंधित सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 80 हजार रुपये बताई गई है।

#### 10 प्रकरण दर्ज, जांच शुरू

कार्रवाई के बाद अवैध शराब से जुड़े मामलों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। सभी मामलों को विवेचना में लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन से जुड़े लोगों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

#### तीन विभागों की संयुक्त टीम ने संभाला मोर्चा

कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पल्लवी पौराणिक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विनोद कुशवाहा, सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुकेश गौर, शिकारपुर थाना प्रभारी संदीप चौरसिया, नायब तहसीलदार रजनीश उपाध्याय, आबकारी उप निरीक्षक शेर सिंह मोरे, केतन भाबर सहित आबकारी, पुलिस एवं राजस्व विभाग का अमला शामिल रहा।

#### अधिकारियों का कहना है अभियान रहेगा जारी

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ अभियान को आगे भी लगातार जारी रखा जाएगा। संवेदनशील और चिन्हित क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# मेडिकल स्टोर्स की जांच में मिली अनियमितताएं, तीन को नोटिस

**जागरण,खंडवा।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को मूंदी के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। इस दौरान दिक्षा मेडिकल, गणेश मेडिकल और यश मेडिकल में अनियमितताएं मिलने पर संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। दिक्षा मेडिकल और गणेश मेडिकल में फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिला और बिल बुक का संधारण भी नहीं पाया गया। वहीं यश मेडिकल में भी फार्मासिस्ट मौजूद नहीं था। संचालकों से तीन दिन में जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी। टीम ने सभी मेडिकल संचालकों को डॉक्टर के पर्चे के बिना दवा नहीं बेचने, लाइसेंस प्रमुखता से प्रदर्शित करने और स्टॉक रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए।



## न्यूज कार्नर

### निरस्त नहीं होगी हैदराबाद-गोरखपुर

**जागरण, इटारसी।** रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 01 पर बैलास्ट-लेस ट्रैक निर्माण कार्य के चलते पूर्व में निरस्त की गई हैदराबाद-गोरखपुर-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन को अब रद्द करने के बजाय परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है। रेल प्रशासन के अनुसार, यह ट्रेन अब झांसी के बजाय इटारसी-जबलपुर-ओहन-हरपालपुर-कानपुर सेंट्रल मार्ग से होकर अपनी मंजिल तक पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 07075/22075 हैदराबाद/चरलापल्ली-गोरखपुर एक्सप्रेस 20 नवंबर से 25 दिसंबर तक डायवर्टेड रूट इटारसी-जबलपुर-ओहन-हरपालपुर-कानपुर सेंट्रल से चलेगी। गाड़ी संख्या 07076/22076 गोरखपुर-हैदराबाद/चरलापल्ली ट्रेन 22 नवंबर से 27 दिसंबर तक इसी परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-हरपालपुर-ओहन-जबलपुर-इटारसी से संचालित होगी।

### तेज बाइक ने युवक को मारी टक्कर

**जागरण, इटारसी।** ग्राम पाहनबर्री निवासी फरियादी पप्पूलाल पिता कन्छेदीलाल कुशवाहा 21 वर्ष ने थाने में मामला दर्ज कराया है। फरियादी ने बताया कि 7 सितंबर की दोपहर करीब 1:50 बजे दीपक पिता ब्रजलाल कुशवाहा 31 वर्ष, निवासी पाहनबर्री कन्छेदी कहार के खेत के सामने मेन रोड से जा रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल एमपी-05 जेडवाय-2475 के चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उनके चाचा दीपक कुशवाहा को सीधी टक्कर मार दी, जिससे वे चोटिल हो गए।

### अवैध महुआ शराब बेचते दबोचा

**जागरण, इटारसी।** पुलिस ने टपरिया मोहल्ला क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से शराब बेच रहे आरोपी विशाल मराठा पिता भीमराव मराठा 32 वर्ष, निवासी टपरिया मोहल्ला, इटारसी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 3 लीटर अवैध महुआ/कच्ची शराब (कीमत लगभग 300 जब्त की गई। पुलिस ने विशाल अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

बाजार का वो 'नासूर' जिसका आज हुआ इलाज

# सड़कों पर गुंडागर्दी और महिलाओं पर फब्तियां... आखिरकार टूटा फल ठेलों का 'आतंक', नपा की सख्ती

**जागरण, इटारसी।** शहर के मुख्य बाजार को अपनी बपौती समझने वाले और राहगीरों के लिए एक असाध्य 'नासूर' बन चुके फल ठेला संचालकों के खिलाफ आखिरकार मंगलवार को नगरपालिका का ऐसा डंडा चला, जिसकी शहरवासी वर्षों से आस लगाए बैठे थे। बीच सड़क पर ठेला लगाकर यातायात का दम घोंटने वाले इन बेलगाम ठेला संचालकों को खदेड़कर सब्जी मंडी स्थित टीन शेड के नीचे शिफ्ट कर दिया गया है। आज की इस कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि अगर प्रशासन ठान ले, तो कोई भी अव्यवस्था स्थायी नहीं रह सकती।




### बाजार में यह ठेले नहीं दहशत का पर्याय थे

यह कोई सामान्य अतिक्रमण का मामला नहीं था, बल्कि शहर के बीचों-बीच पनप रहा एक आतंक था। इन फल ठेला संचालकों के हौसले इतने बुलंद थे कि बीच सड़क पर खड़े होकर न केवल ये पूरे बाजार का ट्रैफिक रोकते थे, बल्कि वहां से गुजरने वाली महिलाओं और युवतियों पर फब्तियां कसने (कमेंट पास करने) से भी बाज नहीं आते थे। जब भी नगर पालिका का अमला इन्हें हटाने पहुंचता, तो ये एकजुट होकर कर्मचारियों से मारपीट, गाली-गलौज और विवाद पर उतारू हो जाते थे। हद तो यह थी कि ठेला जब्त होकर थाने जाने के बाद भी, ये मामूली जुर्माना भरकर बेशर्मी से अगले ही दिन उसी जगह आकर फिर से अव्यवस्था फैलाने लगते थे।

### साहब! यह डंडा नीचे मत होने देना

नगरपालिका की आज की कार्रवाई निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। जिसने भी आज बाजार की चौड़ी और साफ सड़कों को देखा, उसने प्रशासन के इस कदम की सराहना की। लेकिन अतीत के कड़वे अनुभवों को देखते हुए शहरवासियों के मन में एक ही शंका है- कहीं यह सख्ती केवल एक-दो दिन का फोटो सेशन बनकर न रह जाए। आज जो परिणाम मिले हैं, वे इस शहर के लिए अभूतपूर्व हैं। नगरवासियों की प्रशासन से यही कामना है कि आज दिखाई गई यह तल्खी और सख्ती आगे भी निरंतर जारी रहे, ताकि इटारसी का बाजार फिर कभी इन बेलगाम ठेलों के आतंक का बंधक न बन सके।

### एक साल से मुंह चिढ़ा रही थी समस्या

इन ठेलों को व्यवस्थित करने के लिए करीब एक वर्ष पूर्व ही फल मंडी में बने चबूतरे तोड़ दिए गए थे, ताकि वहां इन्हें जगह दी जा सके। लेकिन इन ठेला संचालकों की हठधर्मिता और प्रशासन की तत्कालीन नरमी के कारण ये सड़क से नहीं हटे और करोड़ों की लागत से बना बाजार अव्यवस्था की भेंट चढ़ता रहा।

### बिना नोटिस कार्रवाई पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

मंगलवार को नगर पालिका का एक्शन केवल फल ठेलों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि अतिक्रमण हटाओ अमला शहर के कपड़ा बाजार भी जा पहुंचा। यहां दुकानों के बाहर सड़क तक पसरे सामान को देखकर टीम ने जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई शुरू कर दी। इस अचानक हुई कार्रवाई के बीच उस समय माहौल गर्मा गया, जब नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने व्यापारियों के पक्ष में खड़े होते हुए, बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के इस तरह की गई औचक कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई। हालांकि, मौके पर मौजूद नपा सीएमओ सुरेखा जाटव ने इन आपत्तियों को दरकिनार करते हुए दो टूक लहजे में कहा कि सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर पालिका के पास सीधे कार्रवाई करने का पूरा कानूनी अधिकार है, इसके लिए नोटिस देना जरूरी नहीं है।

**सीएमओ का दो टूक जवाब**

इस तीखी नोकझोंक के बावजूद नपा की टीम ने पीछे हटने से इंकार कर दिया। अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए अमले ने कई दुकानों के सामने रखा सामान जब्त कर लिया और अतिक्रमणकारी व्यापारियों पर मौके पर ही जुर्माना भी ठोका।

### फिर मंगलवार को चला प्रशासन का सुदर्शन चक्र

लगातार मिल रही शिकायतों और बढ़ते विवादों के बीच मंगलवार सुबह नगर पालिका पूरे एक्शन मोड में नजर आई।

- **मुनादी और एक्शन :** सबसे पहले बाजार क्षेत्र में अनाउंसमेंट कर ठेला संचालकों को महर्षि वाल्मीकि फल बाजार से अपनी दुकानें सब्जी मंडी स्थित टीन शेड में लगाने की अंतिम चेतावनी दी गई।
- **कड़ी निगरानी :** जब ठेले शिफ्ट कराए गए, तो नपा कर्मचारियों ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पलटकर वापस सड़क पर न आए। कर्मचारी फल मंडी के सामने मुस्तैदी से डटे रहे।
- **सीएमओ खुद उतरे मैदान में :** व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए नपा सीएमओ ने भी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और अपने कर्मचारियों की पीठ थपथपाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मप्र नगरीय निकाय उपचुनाव आगामी आदेश तक स्थगित

**जागरण, इटारसी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग (भोपाल) ने नगरीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष 2026 (पूर्वार्ध) को आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है। आयोग ने 7 सितंबर 2026 को नर्मदापुरम सहित अन्य जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। पूर्व में इन चुनावों के लिए 31 अगस्त 2026 को कार्यक्रम जारी किया गया था।

### स्थगन के प्रमुख कारण

राज्य निर्वाचन आयोग ने यह अहम फैसला जिला प्रशासन द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर विचार करने के बाद लिया है। जिलों द्वारा चुनाव आगे बढ़ाने के लिए व्यावहारिक कारण बताए गए थे। वर्तमान में बारिश के मौसम और संभावित आपदा/राहत कार्यों में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन का निरंतर व्यस्त होना। आगामी त्योहारों और वर्तमान परिस्थितियों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल एवं संसाधनों की आवश्यकता। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयां।

**नए सिरे से होंगे चुनाव :** आयोग ने स्पष्ट किया है कि अब उप-निर्वाचन की प्रक्रिया मध्यप्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 23 और नियम 11क के तहत बिल्कुल नये सिरे से आयोजित की जाएगी। आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूर्व में जारी किए गए कार्यक्रम के आधार पर निर्वाचन की कोई भी सूचना जारी न की जाए।

यातायात नियम तोड़ने वालों पर चला चाबुक, चालान से बचने गलियों में मुड़ते नजर आए वाहन चालक

# मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप

**जागरण, इटारसी।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और मनमाने तरीके से वाहन चलाने वालों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने मंगलवार सुबह इटारसी में प्रशासन का बड़ा चाबुक चला। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला नर्मदापुरम के सख्त निर्देशों पर सिटी थाने के सामने विशेष मोबाइल कोर्ट लगाया गया। सुबह-सुबह हुई इस औचक कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में भारी हड़कंप मच गया। कई लोग तो पुलिस और कोर्ट की टीम को देखकर चालान से बचने के लिए अपनी गाड़ियां गलियों में मोड़ते नजर आए।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी यतिन अग्रवाल की प्रत्यक्ष मौजूदगी में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक यह सघन चेकिंग अभियान चला। इस दौरान यातायात पुलिस, राजस्व विभाग और सिटी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने दोपहिया और चार पहिया वाहनों के दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट और नंबर प्लेट की बारीकी से जांच की। कार्रवाई के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट यतिन अग्रवाल के साथ नायब तहसीलदार कृष्णकांत उईके, सिटी थाने के एसआई विपिन पाल, यातायात प्रभारी महेंद्र सिंह बघेल सहित यातायात और सिटी थाना पुलिस का बल मुस्तैदी से तैनात रहा। अधिकारियों ने हिदायत दी है कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



### 59 वाहनों से वसूला 22 हजार जुर्माना

इस सख्त कार्रवाई में नियमों की अनदेखी करने वाले कुल 59 वाहन चालकों के खिलाफ चालान काटकर लगभग 22,400 रुपए का समन शुल्क (जुर्माना) वसूला गया। इसमें से सचल न्यायालय ने 18 वाहनों पर सीधे कार्रवाई करते हुए 10 हजार 400 रुपए का जुर्माना किया, जबकि यातायात पुलिस ने अलग से 41 चालान बनाकर करीब 12,000 रुपए का अर्थदंड वसूला।

### नगर पालिका के कचरा वाहन पर भी गिरी गाज

कार्रवाई के दौरान पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि नियम सबके लिए बराबर हैं। चेकिंग के दौरान नगर पालिका के एक कचरा वाहन पर नंबर प्लेट नहीं होने पर उसका भी चालान काटा गया। इसके अलावा, उन मनचलों पर भी सख्ती से नकेल कसी गई, जिन्होंने अपने वाहनों में नियम विरुद्ध मॉडिफिकेशन कर तेज और कर्कश आवाज वाले साइलेंसर लगा रखे थे। बिना हेलमेट और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के घूम रहे चालकों पर मौके पर ही जुर्माना ठोका गया।

# 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए एनएसयूआई ने कराया रजिस्ट्रेशन



**जागरण, इटारसी।** 19 सितंबर को इंदौर में प्रस्तावित छात्रों की गूंज कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मयंक चौरे के नेतृत्व में छात्रों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराए गए और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में इंदौर पहुंचने का आह्वान किया गया।

### पेपर लीक के विरोध में राहुल गांधी की आवाज

पदाधिकारियों ने बताया कि देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक के विरोध में देशभर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं की आवाज बुलंद कर रहे हैं। 19 सितंबर को इंदौर में राज्य स्तरीय विशाल छात्र सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

महाविद्यालय परिसर में चलाए गए इस पंजीयन अभियान के दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, प्रज्ञान साहू, पंकज चौधरी, हंसराज सेंगर, मितेश कनोजिया और चिन्मय नामदेव सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनन्या का ग्वालियर हॉकी अकादमी में चयन, जिले में खुशी की लहर

**जागरण, इटारसी।** नगर की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजगंज की छात्रा अनन्या भदौरिया पिता दयाराम भदौरिया का चयन ग्वालियर स्थित प्रतिष्ठित शिवाजी पवार महिला हॉकी अकादमी में हुआ है। इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत और विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है।

अकादमी में चयन के बाद अब अनन्या ग्वालियर में खेल विशेषज्ञों, शारीरिक शिक्षकों और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोचों के मार्गदर्शन में हॉकी का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। खेल प्रेमियों का मानना है कि इस स्तर के प्रशिक्षण से अनन्या भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। अनन्या की सफलता पर जिला खेल अधिकारी वंदना रघुवंशी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी विकास खराडकर, प्राचार्य विनीता दुबे, प्रधान पाठक महेश कुमार रायकवार, बख्तावर खान, दीप सिंह ठाकुर, विनोद दुबे, अश्वनी मालवीय, अर्पणा दुबे और महेंद्र पचलानिया आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सुखतवा कॉलेज में छात्रों ने समाज को जागरूक करने का लिया संकल्प

**जागरण, इटारसी।** विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर सुखतवा स्थित भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा साक्षरता कार्यशाला, पोस्टर मेकिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राधा आशीष पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था।

सब पढ़े, सब बढ़े विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में ममता कासदे ने प्रथम, शालू कुमरे ने द्वितीय और स्नेहा मांडवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उदिता पहले, शेख कशिश दूसरे और तानिया खान तीसरे स्थान पर रहीं। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं ने स्वयं शिक्षा के महत्व को समझने और अपने परिवार तथा समाज में साक्षरता का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कामधेनु पटोदिया, डॉ. प्रवीण कुशवाहा, डॉ. भावना यादव, डॉ. डाली पथोंरिया सहित महाविद्यालय की छात्राएं और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ स्वयंसेवक गोविंद यादव ने आभार व्यक्त किया।

# अवैध शराब और सट्टे पर भाजपा विधायक सांसद की चुप्पी पर कांग्रेस का हमला

**जागरण, इटारसी।** नगर कांग्रेस समिति के अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने शहर में कथित तौर पर पैर पसार रहे अवैध शराब, जुआ और सट्टे के कारोबार को लेकर भाजपा सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि भाजपा के विधायक और सांसद इन अवैध गतिविधियों को संरक्षण नहीं दे रहे हैं, तो फिर वे इस गंभीर समस्या पर खुलकर आवाज क्यों नहीं उठा रहे हैं?

कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि इन सामाजिक बुराइयों का सबसे बुरा असर युवा पीढ़ी और आम परिवारों पर पड़ रहा है। केवल चुनाव के समय वोट मांगना जनप्रतिनिधित्व नहीं है, बल्कि जनसमस्याओं के खिलाफ खड़ा होना भी उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, यदि जनप्रतिनिधि संरक्षण नहीं दे रहे हैं तो सामने आकर कार्रवाई की मांग करें। जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका हिसाब जरूर करेगी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने पुलिस व जिला प्रशासन से मांग की है कि शहर को जुआ, सट्टा और अवैध शराब के जाल से मुक्त कराने के लिए बिना किसी दबाव के निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर कांग्रेस शांत नहीं बैठेगी और जनता के हित में उग्र आंदोलन करेगी।

### सिंधी समाज की प्रतिभाओं का 13 को होगा सम्मान

**जागरण, इटारसी।** पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में सिंधु विकास समिति, इटारसी द्वारा 13 सितंबर रविवार को सुबह 11 बजे से साईं कृष्णा रिसॉर्ट में एक जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में सिंधी समाज की उन प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और जिले का नाम रोशन किया है। सिंधु विकास समिति के गोपाल सिद्धवानी ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा उपस्थित रहेंगे। नर्मदापुरम के कलेक्टर सोमेश मिश्रा और इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले के सभी प्रमुख नगरों के सिंधी समाज के अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जिनमें मुख्य रूप से इटारसी पूज्य पंचायत अध्यक्ष कैलाश नवलानी, नर्मदापुरम से अशोक वाधवानी एवं राम नवलानी, पिपरिया पूज्य पंचायत अध्यक्ष गोपाल दुधानी और सोहागपुर अध्यक्ष खेमचंद छाबड़िया शामिल रहेंगे।

**अभियान** | सेवा भारती संस्था ने ग्राम धुरपन में कुपोषण के खिलाफ एक अनूठी जंग का किया शंखनाद

# 'पेट भरना नहीं, शरीर गढ़ना है असल पोषण' गूंजा नारा

**जागरण, इटारसी।** गांव की चौपाल हो या गली का नुक्कड़, जब मातृशक्ति किसी बदलाव का बीड़ा उठा ले, तो समाज की तस्वीर बदलनी तय है। नर्मदापुरम जिले के ग्राम धुरपन में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब सेवा भारती ने कुपोषण के खिलाफ एक अनूठी जंग का शंखनाद किया।

मौका था सुपोषण जागरूकता अभियान का, जहां सिर्फ भाषण नहीं हुए, बल्कि माताओं और बहनों को स्वस्थ जीवन का असली फलसफा समझाया। श्रीमती सुमित्रा तोमर, सुश्री दीपा उईके, श्रीमती पूनम तोमर, सुश्री काव्या पटेल और श्रीमती रश्मि मिश्रा जैसी जागरूक महिलाओं के नेतृत्व में इस आयोजन ने एक जन-आंदोलन का रूप ले लिया।




### कुपोषण को मात देने के चार अचूक मंत्र

वक्ताओं ने एक बहुत गहरी बात कही 'भूख मिटाने और शरीर को पोषण देने में जमीन-आसमान का फर्क है।' समाज से कुपोषण के अंधकार को मिटाने के लिए चार प्रमुख सूत्रों पर जोर दिया।

**गर्भवती माताओं की थाली :** हरी सब्जियां, दाल, दूध, ताजे फल और आयरन से भरपूर आहार कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक स्वस्थ पीढ़ी की पहली जरूरत है।

**शुरुआती 1000 दिन का जादू :** जन्म से लेकर 2 वर्ष तक का समय किसी भी बच्चे का भविष्य तय करता है। इस दौरान मां का दूध और घर का बना पौष्टिक खाना ही बच्चे के लिए अमृत है।

**जंक फूड से तौबा, मोटे अनाज से नाता :** पिज्जा-बर्गर की चकाचौंध से दूर हटकर, हमारी पुरानी जड़ों यानी मोटे अनाज (श्री अन्न), अंकुरित दालों और मौसमी फलों की ओर लौटना होगा।

**स्वच्छता ही है सुपोषण की नींव :** केवल अच्छा खाना काफी नहीं है; साफ पानी, हाथों की सफाई और आस-पास की स्वच्छता के बिना सुपोषण का चक्र अधूरा है।

### नुक्कड़ नाटक ने खींचा सबका ध्यान

आयोजन का सबसे आकर्षक हिस्सा रहा छात्रावास की बहनों द्वारा प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक। इसके जरिए रोचक और सीधे अंदाज में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उपस्थित मातृशक्ति ने इस संदेश को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। सेवा भारती ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह अभियान सिर्फ एक गांव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बस्ती-बस्ती जाकर स्वास्थ्य की यह अलख जगाई जाएगी। संस्था का यह मूलमंत्र अब हर घर की आवाज बन रहा है।

# घर से भागी किशोरी को परिजनों को सौंपा

**जागरण, इटारसी।** प्रेम-प्रसंग के चलते मुंबई से अपना घर छोड़कर भागी एक नाबालिग किशोरी इटारसी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित मिली है। आरपीएफ ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे ट्रेन से उतारा और आवश्यक कार्रवाई के बाद मुस्कान बालिका गृह की देखरेख में भेज दिया। मंगलवार को बाल कल्याण समिति ने काउंसलिंग और पारिवारिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद किशोरी को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया।

### दो महीने में 17 बालिकाओं को मिला संरक्षण

मुस्कान संस्था के अनुसार, इटारसी एक बड़ा जंक्शन होने के कारण यहां अक्सर भटकी हुई बालिकाएं मिलती हैं। पिछले दो महीनों में असम, ओडिशा, बिहार, यूपी और मुंबई से घर छोड़कर निकली 17 बालिकाओं को यहां संरक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 9 को उनके परिजनों को सौंपा जा चुका है। इनमें से अधिकतर मामले प्रेम-प्रसंग से जुड़े पाए गए हैं।

# उत्कृष्ट विद्यालय में मटकी फोड़ के साथ मनी जन्माष्टमी

**जागरण, इटारसी।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास, भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य गजेन्द्र कुमार गौर एवं शिक्षक अमले द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

**राधा-कृष्ण रूप सज्जा :** प्राथमिक एवं माध्यमिक खंड के छोटे-छोटे बच्चे राधा और कृष्ण की मनमोहक पोशाक पहनकर विद्यालय पहुंचे, जिनकी बाल-सुलभ छटा ने सभी का मन मोह लिया।

**मटकी फोड़ प्रतियोगिता :** छात्रों की टोलियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण केंद्र रहा।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां :** छात्र-छात्राओं ने सुमधुर भजनों और भक्ति गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर संपूर्ण परिसर को कृष्णमय बना दिया।

### प्राचार्य ने दिया कर्मयोग का संदेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य गजेन्द्र कुमार गौर ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र से सीख लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए कर्मयोग के संदेश से प्रेरणा लेकर अपने अध्ययन और जीवन में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।

### माखन-मिश्री का बांटा प्रसाद

कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर विद्यालय का शिक्षक अमला एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।